# अध्याय 12

# बस के नीचे बाघ

## पाठ आधारित प्रश्न

1. प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए।

(i) बस के भीतर देखते ही बाघ ने अपना सिर किस तरफ़ मोड़ा?

(क) बाईं तरफ़ ☐ (ख) दाहिनी तरफ़ ☐

(ग) ऊपर की तरफ़ ☐ (घ) नीचे की तरफ़ ☐

(ii) बाघ को देख बस में बैठे लोग किस तरफ़ भागे?

(क) बस के आगे वाले दरवाज़े की तरफ ☐

(ख) बस के नीचे की तरफ़ ☐

(ग) बस के पीछे वाले दरवाज़े की तरफ़ ☐

(घ) जंगल की तरफ़ ☐

(iii) लोगों को भागते देखकर कौन घबरा गया?

(क) छोटा बाघ ☐ (ख) छोटी लड़कियाँ ☐

(ग) बस ड्राइवर ☐ (घ) छोटे बच्चे ☐

(iv) नीचे पहुँचकर बाघ कहाँ जाकर दुबक गया?

(क) जंगल में ☐ (ख) दूसरी बस में ☐

(ग) बस के ऊपर ☐ (घ) बस के पहिए के पास ☐

(v) बाघ ने बस में चढ़ने के लिए अपना क्या सीढ़ी पर रखा?

(क) सिर ☐ (ख) पिछले पंजे ☐

(ग) अगले पंजे ☐ (घ) पूरा शरीर ☐

(vi) बस के अंदर से कैसी आवाज़ आ रही थी?

(क) घर्र–घर्र ☐ (ख) चर्र–चर्र ☐

egyanarchive

(ग) पर्र–पर्र ☐ (घ) टर्र–टर्र ☐

(vii) बाघ क्या देखकर घबरा गया?

(क) लोगों को नाचते हुए ☐ (ख) लोगों को हँसते हुए ☐

(ग) लोगों को भागते हुए ☐ (घ) लोगो को रोते हुए ☐

2. सही शब्द को चुनकर खाली स्थान भरिए।

(i) बस के भीतर आगे की तरफ़ से ........................... की आवाज़ आ रही है। (घर्र–घर्र / सर्र–सर्र)

(ii) ................................ ने देखा कि बस में कई लोग बैठे हैं। (छोटे बाघ / आदमी)

(iii) छोटे बाघ को लगा कि लोग उसे ................................ चाहते हैं। (हँसाना / भगाना)

(iv) बाघ बस की सीढ़ी पर ................................ रखकर भीतर चला गया। (पंजे / पीठ)

(v) सामने से एक ................................ आ रही थी। (बस / कार)

(vi) छोटा बाघ बस के नीचे पहिए के पास ................................ गया। (छुप / दुबक)

(vii) आदमी के सामने एक ................................ सी थी। (दीवार / खिड़की)

(viii) दीवार में से बाहर की हर चीज़ ................................ दिखाई दे रही थी। (साफ / गंदी)

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) बस में बैठे लोगों को देखकर अचानक छोटे बाघ को क्या लगा?

-----------------------------------------------

(ii) छोटे बाघ को देखकर सामने की सीट पर बैठे आदमी ने क्या किया?

-----------------------------------------------

(iii) बाघ को कहाँ अच्छा नहीं लगा?

-----------------------------------------------

(iv) छोटा बाघ फिर से कहाँ जाना चाहता था?

-----------------------------------------------

(v) सामने वाली सीट पर बैठकर बाहर कौन देखने लगा?

---------------------------------------------------------------

(vi) सामने से बस को आते देखकर छोटे बाघ ने क्या सोचा?

---------------------------------------------------------------

(vii) जहाँ से घर्र–घर्र की आवाज़ आ रही थी, वहाँ कौन बैठा था?

---------------------------------------------------------------

4. नीचे दी गई पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

किसी जंगल में एक छोटा बाघ खेल रहा था। खेलते–खेलते वह जंगल के पास वाली सड़क पर निकल आया। सड़क पर एक बस खड़ी थी। छोटे बाघ ने देखा कि बस का दरवाज़ा खुला है। बाघ अपने अगले पंजे बस की सीढ़ी पर रखकर बस के भीतर देखने लगा। उसने देखा कि बस के भीतर आगे की तरफ़ से घर्र–घर्र की आवाज़ आ रही है और उसके पास एक आदमी बैठा है। छोटे बाघ ने यह भी देखा कि उस आदमी के सामने एक दीवार–सी है, लेकिन यह दीवार कुछ अजीब थी। इस दीवार में से बाहर की हर चीज़ सा्फ़–साफ़ दिखाई दे रही थी।

(i) छोटा बाघ कहाँ खेल रहा था?

(क) घर में ☐ (ख) जंगल में ☐

(ग) बस में ☐ (घ) गुफा में ☐

(iii) बस कहाँ खड़ी थी?

(क) पार्क में ☐ (ख) खेत में ☐

(ग) सड़क पर ☐ (घ) कुएँ के पास ☐

(iii) बाघ खेलते–खेलते कहाँ निकल आया?

---------------------------------------------------------------

(iv) सड़क पर आकर छोटे बाघ ने क्या देखा?

---------------------------------------------------------------

(v) बस के भीतर देखने के लिए बाघ ने क्या किया?

---------------------------------------------------------------

(vi) दीवार कैसी थी?

---------------------------------------------------------------

(vii) दीवार में से बाघ को बाहर की हर चीज़ कैसी दिखाई दे रही थी?

---------------------------------------------------------------

(viii) लिंग बदलो

(i) बाघ ........................................ (ii) आदमी ............................................

5. 'सही' अथवा 'गलत' बताओ–

(i) बाघ बाग में खेल रहा था। ..........................................................

(ii) बाघ ने बस में चढ़कर टिकट ली। ..........................................................

(iii) खेलते–खेलते बाघ स़ड़क पर आ गया। ..........................................................

(iv) बस में कई सारे अन्य पशु बैठे थे। ..........................................................

(v) सामने से आने वाली बस में कई लोग बैठे थे। ..........................................................

## भाषा आधारित प्रश्न

1. नीचे दिए शब्दों को उनके अर्थ से मिलाइए।

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| (i) भीतर | (क) | आराम करना |
| (ii) अचानक | (ख) | ड्राइवर |
| (iii) दाहिना | (ग) | अंदर |

| शब्द | | अर्थ | |
|---|---|---|---|
| (iv) | तेज़ी | (घ) | सीधा हाथ |
| (v) | दुबकना | (ङ) | एकदम से |
| (vi) | चालक | (च) | छुपना |
| (vii) | सुस्ताना | (छ) | जल्दी |

2. समान अर्थ वाले शब्दों को लिखिए।

नज़दीक, भय, ध्वनि, मनुष्य, ओर, वन

(i) जंगल ........................................ (ii) पास ........................................

(iii) तरफ़ ........................................ (iv) आवाज़ ........................................

(v) आदमी ........................................ (vi) डर ........................................

3. सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचो–

(i) वह जंगल के पास वाली सड़क पर निकल आया।

(ii) उसने देखा कि घर्र–घर्र की आवाज़ आगे से आ रही है।

(iii) हम कल घूमने जाएँगे।

(iv) उस आदमी के पास एक दीवार थी।

(v) उन्हें देखकर बाघ को हैरानी हुई।

4. नीचे कुछ संज्ञा और विशेषण शब्द दिए हैं। जिस संज्ञा के लिए आपको जो विशेषण उचित लगता है, उसे मिलाओ–

| संज्ञा | | विशेषण |
|---|---|---|
| (i) | बस | हरी |
| (ii) | बाघ | मोटी |

egyanarchive

| | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| (iii) | ऊँट | पीली |
| (iv) | किताब | ऊँचा |
| (v) | डाल | छोटा |

5. विलोम शब्द लिखो–

(i) छोटा × ........................................ (ii) पास × ........................................

(iii) अगले × ........................................ (iv) भीतर × ........................................

(v) नीचे × ........................................

6. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ–

(i) साफ़–साफ़ – ........................................................................................................

(ii) घर्र–घर्र – ........................................................................................................

(iii) दीवार–सी – ........................................................................................................

## रचनात्मक लेखन

1. जंगल में बाघ के अलावा और कौन–कौन से जानवर रहते होंगे? विचार करो और बताओ। उनमें से किसी एक जानवर के बारे में पाँच वाक्य लिखो–

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------

-------------------------------------------------------------------